



### एक नजर में




## सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की ली शपथ

**बुधनी.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिले में अनेक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता सभा, स्वच्छता संवाद सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई. अभियान के तहत ग्राम पंचायत बांया, डोबी, वासुदेव एवं सिंहपुर में स्वच्छता मित्रों का सम्मान समोरोह आयोजित किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया. इसके साथ ही ग्राम पंचायत जोशीपुर, सोंठिया, मुहई, मट्ठागांव, खंडाबढ़, पहाड़खेड़ी, सवालखेड़ा सहित अनेक गांवों में नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व श्रमदान करने की शपथ दिलाई गई.




## गांधी जयंती पर आयोजित हुईं विशेष ग्राम सभाएं

**इछावर.** महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. जिसमें ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई. इस मौके पर कई ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा गया. इस मौके पर ग्राम पंचायत फागियां में विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ. इसमें अनुसूचित जनजाति के जिला अधिकारी भी पहुंचे. सरपंच पुष्पा बाई जायसवाल, सचिव राजेंद्र विश्वकर्मा, लाखन सिंह, प्यारेलाल सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे.




## विद्यार्थियों को दिलाया स्वदेशी वस्तु अपनाने का संकल्प

**शाहगंज.** शासकीय कॉलेज में स्वदेशी की अवधारणा के प्रति प्रेरित करने एवं स्वदेशी अपनाने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण सप्ताह आयोजित किया गया. इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वदेशी अपनाओं आधारित गतिविधियां आयोजित की गई एवं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया गया. स्वदेशी जागरण सप्ताह के तहत कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा स्वदेशी अपनाए, आत्मनिर्भर भारत बनाएं विषय पर प्रदर्शनी लगाई गई तथा पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया गया.

## स्पोर्ट्स क्लब का रक्तदान शिविर 5 को

**सीहोर.** चर्च मैदान पर पर सिटी स्पोर्ट्स क्लब एवं रेडक्रॉस के तत्वाधान थैलीसीमिया रोगियों की सहायता के लिए आगामी 5 अक्टूबर को सुबह नौ बजे रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया जाएगा. सिटी क्लब अध्यक्ष अजय मिंटू अग्रवाल ने बताया कि क्लब एवं रेडक्रॉस के तत्वाधान में रविवार को सुबह नौ बजे जिला अस्पताल के सहयोग से शिविर आयोजित होगा.

# बारिश के मौसम में भी झेल रहे पानी की किल्लत


## गांव का ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब होने के कारण बिजलौन की नल-जल योजना बेपटरी, ग्रामीण परेशान

- जिम्मेदार बता रहे ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह
- ग्रामीणों का कहना जलकर जमा नहीं करने पर पानी बंद

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 अक्टूबर. बारिश के मौसम में भी ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए खाली बर्तन लेकर भटकना पड़ रहा हो तो इससे बड़ी विडम्बना भला और क्या होगी. इतना ही नहीं ग्रामीणों के वोट पाने के बाद सत्ता सुख भोग रहे गांव के जनप्रतिनिधियों को इस किल्लत का सामना नहीं करना पड़ रहा है. उन्होंने अपने घर के सामने पर्याप्त इंतजाम कर रखे हैं.**

समीपस्थ ग्राम बिजलौन में बीते कई दिनों से ट्रांसफार्मर का खराब होना तो सिर्फ बहाना है, असल में वजह कुछ और है. यह कहना है बिजलौन के एक ग्रामीण का. वह अपनी साईकिल पर पानी से भरी कुप्पियां लादकर ला रहा था. उसने बताया कि गांव की डीपी जली पड़ी है, इसलिए पानी की समस्या हो रही है. कई दिनों से नल नहीं आए. थोड़े आगे चले तो 65 वर्षीय प्रेमबाई कुप्पियां लेकर पानी भरने जा रही थी. उनका कहना था कि 8 दिन से गांव की डीपी जली पड़ी है. जबकि 20 दिन से नल नहीं आए. पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है. दूर खेतों और अन्य ट्यूबवेलों से पानी भरकर ला रहे हैं, जबकि



सीहोर. ग्राम बिजलौन में लाखों की लागत से बनी पेयजल टंकी शोपीस साबित हो रही है.

गांव में एक बड़ी टंकी को छोड़कर चार छोटी टंकियां और हैं, इनमें से एक सरपंच के घर के आगे रखी हुई है. उसके पास ही एक ट्यूबवेल भी लगा हुआ है, लेकिन ग्रामीण पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं.ग्रामीणों ने इसको लेकर शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई.

हालांकि गांव में सरपंच के घर के सामने लाखों रुपए की लागत से बोरवेल, चबूतरा, टीन शेड भी बनाए गए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि ये सभी काम सरकारी योजनाओं के तहत सिर्फ एक ही वार्ड में किए गए हैं, जिससे अन्य वार्डों के लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं. सरपंच के घर के सामने लाखों की योजना जरूर उतर आई हैं. बोरवेल से लेकर चबूतरा निर्माण, टीन शेड सब कुछ घर के सामने या कहे आंगन में हुए हैं. सरपंच की पत्नी खुद उस वार्ड नंबर 9 की पंच है और उन्हीं के वार्ड में विकास के सभी काम हुए हैं. इस मामले में पंचायत सचिव मनोहर परमार की अलग ही व्यथा है. उन्होंने बताया कि कुछ लोग मोटर लगाकर पानी खींच लेते हैं. इससे मुरारी मोहल्ले तक पानी नहीं पहुंच पाता. पिछले पांच साल से यही स्थिति बनी है. जिससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है.

### कुछ ग्रामीणों ने जलकर नहीं भरा तो बंद किया जलप्रदाय

लाखों रुपए की लागत से बनी नलजल योजना का लाभ गांव के लोगों को नहीं मिल पा रहा है.ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोगों के जलकर नहीं भरने की वजह से पूरे गांव वालों को पानी से मोहताज होना पड़ रहा है. लोगों पर डेढ़ से दो महीने का टैक्स बकाया है. इसमें से आधे लोगों ने जलकर भरा है और आधे ने नहीं भरा. हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि कई दिनों से गांव की डीपी जली पड़ी है. इससे करीब 20 दिन से गांव में पानी सप्लाई नहीं हुआ. गांव की 2500 से ज्यादा आबादी है. यहां 18 वार्ड और 160 नल कनेक्शन हैं. वहीं 85 हजार लीटर की एक टंकी है. जिससे पूरे गांव में पानी की सप्लाई होती है. जो अब शोपीस बनकर रह गई है. इसके अलावा चार छोटी टंकियां हैं. कुछ लोगों के जलकर नहीं देने की वजह से पूरे गांव को प्यासा रहना पड़ रहा है.

### ग्रामीणों का कहना उप सरपंच का भाई करता वसूली

ग्राम बिजलौन की आबादी 2500 से ज्यादा है. यहां 160 से ज्यादा नल कनेक्शन हैं और हर माह एक घर से 100 रुपए जलकर वसूल किया जाता है. ग्रामीणों की मानें तो जलकर की वसूली ग्राम पंचायत के उप सरपंच का भाई करता है. ग्रामीणों का आरोप है कि वह पंचायत के खाते में पैसे डालकर अपने नाम से बिल लगा देते हैं.

### बिजली की कमी से होती है दिक्कत

ग्रामीण जलकर नहीं देते. डीपी को सही कराया है. पंचायत में पानी सप्लाई के लिए 85 हजार लीटर की मेन टंकी है, बाकी चार छोटी टंकियां हैं. गांव में लाइट की भी समस्या है. गांव में केबल खराब पड़ी हैं और डीपी की भी जरूरत है. जलकर की वसूली उपसरपंच का भाई करता है. जलकर का पैसे पंचायत के खाते में डालते हैं और उसके नाम से बिल लगाकर दे देते हैं. इसमें से हमें एक रुपए भी नहीं मिलता है. हालांकि हमारे द्वारा गांव में व्यवस्था बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं.

**गजराज नायक,**
सरपंच, ग्राम बिजलौन

## संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला युवक का शव



**सीहोर.** एक दिन पहले घर से बाइक लेकर निकले युवक का शव शुक्रवार को हाईवे स्थित एक ढाबे के समीप संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी का माहौल बन गया है. परिजन उसकी हत्या किए जाने की शंका जता रहे हैं. चाणक्यपुरी निवासी रिटायर्ड रेंजर विजय सिंह तोमर के 40 साल के पुत्र अभिषेक तोमर का खून से लथपथ शव भोपाल बायपास पर लसुड़िया परिहार गांव के पास बने ढाबे के समीप पड़ा मिला है. जैसे ही शव की सूचना मिली तो कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का परीक्षण किया। मौके पर मृतक का शव पेट के बल पड़ा मिला जिसमे मुंह और नाक से काफी खून बहने से मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और शव की शिनाख्त की. परिजनों का कहना है कि यह निर्ममतापूर्वक की गई हत्या है. घटनास्थल पर मृतक की बाइक खड़ी मिली है. फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. मृतक के पिता विजय सिंह तोमर ने कहा है कि यह घटना हादसा नहीं है. मामला हत्या का है. मामले में कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव का कहना है की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है, पोस्टमार्टम कराया गया है.

## अंकुश देंगे आइडियल प्रतियोगिता में प्रस्तुति



**सीहोर.** जैन समाज के गायक अंकुश जैन का राष्ट्रीय संत पुलक सागर महाराज के सानिध्य में शनिवार को राजस्थान के उदयपुर में होने वाली पुलक मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन में पुलक आइडियल मंच के लिए चयन हुआ है. वह अपने गायन की प्रस्तुति देंगे. इस संबंध में जैन समाज की ओर से पिपेलेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि राष्ट्रीय संत पुलक सागर महाराज के पुलक आइडियल मंच में यह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए अंकुश का चयन हुआ है.

# मानसरोवर ग्लोबल और आर्यावत यूनिवर्सिटी डिफाल्टर घोषित

- जानकारी छिपाने और शिक्षण कार्य में बरती थी लापरवाही
- एनएसयूआई जिलाध्यक्ष का कहना हो रहा था फर्जीवाड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 अक्टूबर.** छात्रों से जुड़ी जानकारी छुपाने और शिक्षण कार्य को लेकर पारदर्शिता में लापरवाही बरतने पर यूजीसी ने सख्त रुख अपनाते हुए जिले की मानसरोवर ग्लोबल युनिवर्सिटी और आर्यावर्त यूनिवर्सिटी सहित प्रदेश के 10 निजी विश्वविद्यालयों को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है. इससे अब यहां पढ़ाई कर रहे छात्रों के सामने नया संकट पैदा हो गया है. उनकी डिग्री की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं.

गौरतलब है कि यूजीसी ने पिछले दिनों यूजीसी अधिनियम के तहत अनिवार्य जानकारी चाही थी, लेकिन प्रदेश की 10 निजी यूनिवर्सिटी ने जानकारी प्रस्तुन नहीं की. साथ ही उन्होंने अपनी वेबसाइट पर पब्लिक सेल्फ-डिस्क्लोजर से संबंधित जरूरी सूचनाओं को भी जानबूझकर उपलब्ध नहीं कराया. यूजीसी ने इस मामले में इन्हें कई मेल भी भेजे लेकिन इन यूनिवर्सिटी ने लापरवाही दिखाते हुए इन मेल का कोई जवाब नहीं दिया. यूजीसी ने सख्ती दिखाते हुए सीहोर जिले की मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और आर्यावर्त यूनिवर्सिटी को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है. यूजीसी के अनुसार विश्व विद्यालयों की वेबसाइट पर पाठ्यक्रम, फीस संरचना और प्रवेश नियम स्पष्ट न होने से भी छात्र भ्रमित हो रहे हैं. इससे वे सही निर्णय नहीं ले पाते हैं. साथ ही




फैकल्टी और शोध अवसरों की जानकारी, विषय विशेषज्ञ शिक्षक, अनुसंधान की संभावनाएं, प्लेसमेंट सेल और इंडस्ट्री टाई-अप की जानकारी सार्वजनिक नहीं थी. इसके कारण यह कदम उठाया गया है

इन यूनिवर्सिटी ने मान्यता, रैंकिंग और स्वायत्ता की स्थिति, पाठ्यक्रमों के संचालन की स्थिति, विवि में संचालित अनुसंधान परियोजनाएं, फैकल्टी प्रोफाइल, एकेडमिक कैलेंडर, स्टार्टअप सेल, शिकायत समिति तथा परीक्षा परिणाम संबंधित जानकारी यूजीसी को नहीं भेजी. नतीजतन इन्हें यूजीसी ने डिफाल्टर घोषित किया है.

### फर्जीवाड़ा कर रही थी यूनिवर्सिटी

जिले में यूनिवर्सिटी के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा चल रहा है. जिले में अचानक यूनिवर्सिटियों की बाढ़ जैसे आ गई है. पिछले एक दशक में जिले में बड़ी संख्या में नई-नई यूनिवर्सिटियां खुली हैं, लेकिन हकीकत में यहां विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम है. ऐसे में यहां जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है.यूजीसी से मांग उठाई है कि ऐसी डिफॉल्टर यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य खराब होने से बचे.

**देवेन्द्र सिंह ठाकुर,**
जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

**धार्मिक** | बुधनी, शाहगंज, इछावर सहित ग्रामीण अंचलों में मनाया गया विजयादशमी पर्व

# जिले भर में उत्साह के साथ किया गया अहंकारी रावण का दहन

**नवभारत न्यूज**

सीहोर. असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी पर्व जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया. जिला मुख्यालय के बाल विहार मैदान, राठौर पार्क, नदी चौराहा, मंडी सहित अनेक स्थानों पर रावण के विशालकाय पुतलों का दहन किया गया.

बुधनी में आयोजित दशहरा कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव उपस्थित रहे. हालांकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फोन पर उपस्थित जनों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाने पर खेद भी व्यक्त किया.

कार्यक्रम में चंद्र माधव बारीक ग्रुप की टीम ने हनुमान लीला का मंचन किया. दोपहर में तेज बारिश होने के बाद भी हजारों दर्शक दशहरा महोत्सव देखने पहुंचे. उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर लुत्फ उठाया. वहीं विधायक रमाकांत भार्गव ने 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया. विधायक श्री भार्गव ने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दी. मुंबई की मशहूर गायिका संजीवनी बेलेंदें के ग्रुप द्वारा रंगारंग गीतों की प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत एवं अर्जुन मालवीय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया.

हिउस अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत कियाइस अवसर पर नप अध्यक्ष सुनीता मालवीय, ट्रस्ट अध्यक्ष महेश




उपाध्याय, राजेश पाल, आजाद सिंह राजपूत, तुलसीराम मसानिया, मनोहर महेश्वरी, केशव चौहान, राम सजीवन यादव, नप उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, शिवानी यादव, पंडित धीरेंद्र तिवारी, श्रीकांत शर्मा, प्रभात भदोरिया, आरती किशन मालवीय, रजनी हरदयाल आजाद, संतोष राजपूत, हेमलता शिवहरे, यशवंत चौहान,लेखराम यादव, किशन मालवीय, पवन चंद्रफेरी, मनीष बाजपेई, विनोद शिवहरे, मांगीलाल यादव, राकेश तनेजा, विशाल खत्री, भानु प्रताप यादव, दीपक यादव, सुनील कैथवास उपस्थित थे. कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने बेहतरीन इंतजाम किए थे. इस मौके पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर सहित एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार ललित सोनी आदि अधिकारीगण मौजूद थे. देर रात रंगारंग कार्यक्रम डांस के दौरान एक प्रस्तुति को लेकर विवाद खड़ा हो गया था. जिसको लेकर हिंदू उत्सव समिति ने विरोध जताया था. इसे देखते हुए हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से कार्यक्रम को बंद करवाया गया.

### इछावर में 42 फीट के रावण का दहन

**इछावर.** नगर में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया. हिन्दू उत्सव समिति और नगर परिषद के सहयोग से लगभग 42 फीट उंचे रावण के पुतले का दहन किया गया. जन समूनिह की उपस्थिति में रावण दहन होते ही जयश्रीराम के जय कारे गूंजने लगे. इसके साथ ही दुर्गा प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया गया. अखाड़ों के कलाकारों ने भी जमकर अपने करतब दिखाए.

### उत्साहपूर्वक मनाया विजयदशमी पर्व

**शाहगंज.** नगर में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी उत्साह पूर्वक मनाया गया. दशहरा मैदान पर भगवान श्री राम के द्वारा अग्निबाण चलाकर बुराई के प्रतीक विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया गया.

दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह शाम को बजे विद्युत मंडल कार्यालय से निकाला गया जो मुख्य मार्ग से दशहरा मैदान पहुंचा. सुसज्जित रथ पर प्रभु श्री राम दरबार की झांकी राधा कृष्ण की झांकी एवं दुर्गा प्रतिमाओ की झांकियां चल रही थीं. चल समारोह में शामिल झांकियों की घर घर पूजा अर्चना की गई.

चल समारोह में भवानी आश्रम द्वारा अखाड़े का शानदार प्रदर्शन किया गया.हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा उत्सव का आयोजन रात्रि में किया गया. कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, अध्यक्ष जनपद पंचायत महेंद्र शर्मा, नप अध्यक्ष श्रीमती सोनम भार्गव एवं अतिथियों का हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विनय भार्गव एवं श्री रामलीला उत्सव समिति अध्यक्ष रामगोपाल सैनी द्वारा स मान किया गया. समारोह पश्चात रावण के पुतले का दहन किया गया एवं भगवान श्री राम का दशहरा मंच पर विधायक रमाकांत भार्गव एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विजय तिलक किया गया. रामलीला समिति द्वारा प्रभु श्री राम एवं रावण संवाद का आयोजन किया गया. तत्पश्चात प्रभु श्रीराम द्वारा अग्निबाण चलाकर अहंकारी दशानन का वध किया एवं देखते ही देखते रावण का पुतला धू धू कर जल उठा. दशहरा मंच पर मथुरा के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की झांकी की मनमोहक प्रस्तुति दी गई. नर्मदा नदी में देर रात्रि तक नगर की एवं ग्रामीण अंचलों की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा.

### भैरूंदा में 51 फीट के रावण का किया दहन

**भैरूंदा.** विजयादशमी पर्व पर 51 फीट के रावण का दहन किया गया. नप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रंगारंग आतिशबाजी की गई. सांदीपनी विद्यालय परिसर दशहरा मैदान में समाज प्रमुखों का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एसडीओपी दीपक कपूर थे. स्वागत भाषण नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने दिया. पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ किया. नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से 5 हजार से अधिक लोग आतिशबाजी और रावण दहन का कार्यक्रम देखने पहुंचे. जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या भी काफी थी. नगर परिषद सीएमओ रामभरोस भावरे ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं. इस दौरान आमजन की सुरक्षा में नगर परिषद और पुलिस विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए थे.

## पहले दिन 119 किसानों ने कराए पंजीयन

**सीहोर.** सरकार द्वारा किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 03 अक्टूबर से सोयाबीन के पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं. कलेक्टर बालागुरू के ने इस सबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में योजना का प्रभावी संचालन किया जाए. योजना के पंजीयन के प्रथम दिन पर शुक्रवार को जिले के 119 किसानों ने अपनी सोयाबीन की फसल का पंजीयन कराया. जिनका पंजीकृत रकबा 254.31 हैक्टेयर है.

## समिति ने दान किए मोक्ष वाहन व दो फ्रिजर

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 3 अक्टूबर.** लंबे समय से विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में भक्ति का सबसे बड़ा स्वरूप सेवा है. कुबेरेश्वर धाम पूरे देश की आस्था का प्रतीक है और क्षेत्र का नाम विश्व पटल में रोशन करने वाले पंडित प्रदीप मिश्रा हम सबकी आन, बान और शान है.

उक्त विचार बड़ा बाजार में कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने स्व रामेश्वर मिश्रा की स्मृति में नपा और जिला अस्पताल को मोक्ष वाहन और दो स्टील बाडी फ्रिज यूनिटस का प्रदान किया.

अग्रवाल धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने पिता स्व. रामेश्वर मिश्रा की स्मृति में दो बाडी फ्रीजर और क्षेत्र में आधुनिक मोक्ष वाहन प्रदान किया. कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, जसपाल अरोरा, सन्नी महाजन, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति, बजरंग दल, विहिव की ओर से विवेक राठौर, सुनील शर्मा और जगदीश कुशवाहा सहित सभी समाजसेवी संगठनों, संस्थाओं के प्रमुख के अलावा नपा सीएमओ सुधीर सिंह आदि मौजूद थे.

# शरद पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे सीएम

**नवभारत न्यूज**

**सलकनपुर 3 अक्टूबर.** पिछले 18 वर्षों से लगातार समर्पण सेवा समिति एवं अखिल भारतीय गुरु भक्त मंडल के तत्वाधान में स्वामी उत्तम सेवा धाम आश्रम में होने जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं.

शरद पूर्णिमा पर तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं जगदीश देवड़ा सहित प्रदेश के मंत्रीगण सम्मिलित होंगे. 7 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर बालागुरु के एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर आश्रम उत्तम सेवा धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.



यहां मुख्य अतिथियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए हेलीपैड एवं पार्किंग व्यवस्था सहित सभी व्यापक व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के बाद कलेक्टर द्वारा समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष तपन प्रमुख के साथ अधिकारियों की व्यवस्था के लिए बैठक ली गई. निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष तपन भौमिक, कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, एसडीएम दिनेश तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार युग्विजय सिंह, थाना प्रभारी राजेश कहारे, रामनारायण साहू, अनार सिंह चौहान, रामसजीवन यादव रिखीराम यादव, प्रखर नायक, मीडिया प्रभारी एसके चौहान, भागीरथ मंडलोई, महेश हरियाले सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे.